**SEMESTER 2 EXAMINATION**

**HINDI**

**(SECOND LANGUAGE)**

*Maximum Marks: 40*

*Time allowed: One and a half hours*

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 10 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

***SECTION A** is compulsory.*

***SECTION B** – Answer questions from **any two books** that you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## SECTION A

*(Attempt **all** questions.)*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** in approximately **200** words on any **one** of the following topics:

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए: [12]

(i) आज विश्व के अधिकांश देश हमारी भारतीय संस्कृति के उपहार 'योग' को अपना चुके हैं। जीवन में योग की अनिवार्यता तथा उस से मिलने वाले लाभों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए।

(ii) वर्तमान समय में डिजिटल होना किसी वरदान से कम नहीं है। इसकी अच्छाइयाँ तथा बुराइयाँ बताते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

(iii) यात्रा के दौरान कई बार कुछ ऐसे लोगों से मित्रता हो जाती है जो आजीवन स्मरणीय रहती है। ऐसी ही किसी सुखद यात्रा का वर्णन कीजिए जो आपकी यादों को आज भी सुख पहुँचाती है।

(iv) ईमानदारी बरगद के पेड़ की तरह होती है जिसका प्रभाव देर से पड़ता है परन्तु चिरस्थायी होता है। उपर्युक्त कथन को स्पष्ट करते हुए ईमानदारी पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

This paper consists of 4 printed pages.


© Copyright reserved.

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए : [8]

(i) एक दिन आप किसी होटल में गए। वहाँ आपने बालश्रम होते हुए देखा। इसकी शिकायत करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) आपकी बड़ी बहन डाक्टर बनना चाहती है जिसके लिए वह जोरों शोरों से तैयारी कर रही है। उस परीक्षा में वह सफल हो जाए, ऐसी कामना करते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए।

## SECTION B

*(Answer questions from **any two books** that you have studied.)*

### साहित्य सागर
### (संक्षिप्त कहानियाँ)

**Question 3**

Answer the following questions:

(i) 'बड़े घर की बेटी' पाठ में जब लाल बिहारी घर छोड़कर जा रहा था तब आनंदी द्वारा उसे रोकना उसकी समझदारी तथा दूरदर्शिता कैसे थी ? समझाइए। [2]

(ii) 'भीड़ में खोया आदमी' पाठ में लेखक के मित्र ने छोटे से घर में रहने का क्या कारण बताया था? उनके कितने बच्चे थे ? [2]

(iii) 'भेड़ और भेड़िये' पाठ का उद्देश्य लिखिए। [3]

(iv) चित्रा की चित्रकारी के विषय में अरुणा के क्या विचार थे? क्या आप अरुणा के विचारों से सहमत हैं ? [3]

## साहित्य सागर – (पद्य)

**Question 4**

Answer the following questions:

(i) 'मेघ आए' कविता में बूढ़े पीपल और लता को किस-किस का प्रतीक बताया गया है ? [2]

(ii) सूरदास जी ने अपने पद में यशोदा माता द्वारा कृष्ण को सुलाने का वर्णन किस प्रकार से किया है ? [2]

(iii) तुलसीदास जी की भक्ति किस प्रकार की थी? उन्होंने अपने राम की क्या-क्या विशेषताएं बताई हैं और क्यों ? [3]

(iv) 'चलना हमारा काम है' कविता का उद्देश्य लिखते हुए '**अवरुद्ध**' तथा '**अभिराम**' शब्दों का अर्थ भी लिखिए। [3]

## एकांकी संचय

**Question 5**

Answer the following questions:

(i) 'सूखी डाली' एकांकी में छोटी भाभी अपने घर के विषय में इन्दु से क्या-क्या कहती है ? [2]

(ii) 'सूखी डाली' नामक एकांकी में दादा जी प्रेम तथा घृणा के विषय में क्या-क्या कहते हैं तथा कौन सा उदाहरण देते हैं ? [2]

(iii) 'दीपदान' नामक एकांकी में पन्ना धाय कौन है? वह उदय सिंह को उसके नाम के विषय में क्या कहकर बहलाती है ? [3]

(iv) 'दीपदान' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। [3]

## नया रास्ता

### (उपन्यास)

**Question 6**

Answer the following questions:

(i) मीनू ने विदेश जा कर बसने वाले भारतीय बुद्धिजीवियों के बारे में क्या - क्या विचार व्यक्त किए थे आप उन विचारों से कहाँ तक सहमत हैं ? [2]

(ii) अमित के एक्सीडेंट की बात सुनकर मीनू की मनःस्थिति का वर्णन कीजिए। [2]

(iii) अमित का परिचय देते हुए उसके चरित्र की दो विशेषताएं भी लिखिए। [3]

(iv) मनोहर कौन है ? उसे क्या हो गया था ? उसकी यह स्थिति कैसे हुई थी ? [3]